Seventeenth Loksabha

span>

Title: Demand to provide nutritious animal feed at subsidized rate to cattle keeper to promote organic farming and animal husbandry in the country.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): अध्यक्ष जी, आप जानते हैं कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है और पहले पूरी कृषि पशुओं पर आधारित होती थी । जब से यांत्रिकरण हुआ है, तब से सारी खेती यंत्रों द्वारा होने लगी है । आपको विदित है कि पुन: जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात कर रहे हैं और जैविक खेती पशुओं पर आधारित खेती होगी, लेकिन हमारे देश की लगभग 130 करोड़ की जनसंख्या है और इसके आधे पशु देश में हैं । पशुओं का अच्छा स्वास्थ्य रखने के लिए और जैविक खेती कर रहे हैं तो पशुओं की खाद के लिए पशुओं को स्वस्थ रखना आवश्यक है । दूध के उत्पादन के लिए भी पशुओं का स्वस्थ रहना आवश्यक है । ऐसे समय में जब हम देश के 80 करोड़ लोगों को फ्री में अनाज दे रहे हैं, तो मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि देश के पशुपालक किसानों या गौशालाओं को भी सब्सिडाइज रेट पर पौष्टिक पशु आहार दें ताकि दूध का उत्पादन भी बढ़े और जैविक खाद के माध्यम से जो खेती होती है, उससे मनुष्यों को भी जैविक भोजन प्राप्त हो सके ।